हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 30 जुलाई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 तेज बारिश से बंजारीडॉड़ जलाशय की नहर फूटी



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खेतों में घनी बस्ती बनने के कारण सिंचाई में नहीं होता पानी का उपयोग

# 6 साल बाद 73 फीसदी भरा बांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से सूखे से जूझ रहे बांकी बांध के लिए लगातार हो रही वर्षा बेहद अनुकूल साबित हो रही है। 6 वर्षों बाद इस बार जुलाई महीने में बांध में 73 फीसदी से अधिक पानी भर गया है। इसी तरह वर्षा होती रही तो लम्बे अर्से बाद इस बार बांकी बांध के लबालब होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**खास बातें**
- बांध का पानी बुझाता है शहरवासियों की प्यास
- बांध में कम पानी भरने पर गर्मी में होता है पेयजल संकट

शासन द्वारा सिंचाई की तात्कालीन जरूरतों को देखते हुए वर्ष 1979-80 में शहर के निकट पहाड़ों के बीच में बांकी जलाशय का निर्माण किया गया था। तब शहर के महामाया पारा सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी खेती होती थी। शहर से सटे ग्राम कांतिप्रकाशपुर एवं आसपास के गांवों में भी बड़े क्षेत्र में धान एवं गेहूं की खेती की जाती थी। तब विभाग द्वारा शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में पक्की नहर का निर्माण किया गया था। पूर्व में शहर एवं आसपास के गांवों में जहां खेती होती थी अब घनी बस्ती बस गई है। इन क्षेत्रों का तेजी से शहरीकरण हो रहा है तथा लगातार नए-नए मकान बन रहे हैं। सिंचाई के लिए पानी की जरूरतें खत्म होने के बाद बांध के पानी का उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। शहर में प्रारंभ से ही तकिया फिल्टर प्लांट के माध्यम से बांकी के पानी का उपयोग शहर में पेयजल के लिए किया जा रहा है। फिल्टर प्लांट तक बांध का पानी पहुंचाने के लिए ननि ने ग्रेविटी पाइप लाइन भी बनाया है। बीच-बीच में बांध में बेहद कम पानी भरने के कारण गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पेयजल संकट से भी जूझना पड़ा है। वर्ष 2023 में तो बांध में मात्र 25 फीसदी ही जलभराव हुआ था तथा गर्मी के मौसम में बांध सूखने की कगार पर पहुंच गया था। इस दौरान मई के महीने में बांध में मात्र 3 फीसदी पानी बचा था। जिससे मात्र 2-3 दिन तक शहर की प्यास बुझाई जा सकती थी। खतरे को देखते हुए ननि द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत नए-नए ट्यूबवेल तैयार किए गए साथ ही जल संकट से निपटने के लिए बांध में गड्ढा खोदने की तैयारियां की जा रही थी। इस दौरान अच्छी वर्षा होने के कारण ननि प्रबंधन को बड़ी राहत मिली। बारिश के पानी से बांध में जमा पानी ने गर्मी की पेयजल जरूरतों को पूरा कर दिया। इसके पूर्व भी कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई कि बांध में बेहद कम पानी का भराव हुआ। इसके पूर्व कभी भीषण जल संकट की स्थिति तो निर्मित नहीं हुई लेकिन ननि को पानी की बर्बादी रोकने के लिए कई कड़े इंतजाम करने पड़े। कृषकों द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए जर्जर ग्रेविटी पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त करने पर पाइपलाइन की मरम्मत कराने के साथ ही सुरक्षा के लिए पहरेदारी भी करनी पड़ी।



लबालब भरा बांकी जलाशय।

### अन्य बांधों की स्थिति भी ठीक

सरगुजा में चार मध्यम सिंचाई बांध है। जलभराव की दृष्टि से सबसे अच्छी स्थिति श्याम घुनघुट्टा बांध की है। लगातार नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के कारण इस बार मध्य जून महीने में घुनघुट्टा बांध में मात्र 27 फीसदी पानी शेष होने के कारण पेयजल के लिए आरक्षित कर दिया गया था। मानसून की वर्षा शुरू होने के एक सप्ताह बाद ही बांध लबालब हो गया तो मैनपाट में अच्छी वर्षा होने के बाद जुलाई में बांध का गेट खोलने की स्थिति निर्मित हो गई। वर्तमान में पिछले एक पखवाड़े से लगातार बांध का गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। जिले का कुंवरपुर जलाशय एवं बरनई जलाशय भी बरसात के अंत तक लबालब हो जाता है। वर्तमान में कुंवरपुर जलाशय में 72 फिसदी एवं बरनई बांध में 78 फीसदी जलभराव हुआ है।

### लौट रही बांध की रौनक

लगातार बारिश होने के कारण इस बार बांकी बांध की रौनक लौटने एवं बरसात के अंत तक बांध में क्षमता के अनुसार जलभराव होने की उम्मीद है। अभी तक बांध में क्षमता का 73 फीसदी जलभराव हुआ है।

-एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग

### 7 साल पूर्व लबालब हुआ था बांध

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार निर्माण के बाद हर साल बांध में क्षमता के अनुरूप जल का भराव होता था लेकिन वर्ष 2005 में अवैध अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण बांकी नदी की धार बंद हो गई। लालमाटी एवं रघुनाथपुर के मध्य एनएच किनारे स्थित तालाब का पानी बांध तक सालो भर पहुंचता था जो एनएच निर्माण के बाद बंद हो गया। प्राकृतिक जलस्त्रोतों के बंद होने के बाद बांध पूरी तरह से वर्षा जल पर निर्भर हो गया है तथा आसपास की पहाड़ियों का पानी ही बांध तक पहुंचता है। ऐसे में वर्ष 2017 एवं 2018 को छोड़ दें तो पिछले दो दशकों में कभी बांध लबालब नहीं हुआ। वर्ष 2017 एवं 2018 में अच्छी वर्षा होने के कारण लम्बे अर्से बाद बांध लबालब हुआ था। इसके पूर्व वर्ष 2013 में बांकी बांध में 35.41 फीसदी, 2014 में 43.72 फीसदी, 2015 में 38.36 फीसदी, 2022 में 42.89 फीसदी एवं 2023 में 25.42 फीसदी जलभराव हुआ था। पिछले साल बांध में 63 फीसदी जबकि इस बार अब तक 73 फीसदी पानी भरा है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए अधिकारी बरसात के अंत तक बांध में लबालब होने की उम्मीद जता रहे हैं।

## हत्या का आरोपी 24 घंटे के भीतर चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला/लखनपुर



दोस्त के साथ गांव में घूमने निकले युवक को गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर न सिर्फ मारपीट किया बल्कि धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया। इधर घटना के जानकारी लगते ही पुलिस ने आरोपी को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

- रंजिश को लेकर धारदार हथियार से दोस्त को उतारा था मौत के घाट

पुलिस के मुताबिक लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरी कला निवासी मनमोहन सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके रिश्ते के भांजे ग्राम कंदरई नेवारडांड निवासी मदन सिंह आ. माखन सिंह (22 वर्ष) रविवार को गांव आया था और शाम को दोस्त के साथ गांव में घूमने निकला था। रात लगभग 11 बजे मदन का दोस्त फोन कर बताया कि मदन सिंह को पुरानी रंजिश को लेकर चिन्टू राम प्रजापति ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दिया है। जानकारी लगते ही परिजन रात में मदन सिंह की खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला। आज सुबह खेत बाड़ी में मदन सिंह का शव मिला है। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध सबूत पाए जाने पर तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी रजपुरीकला पखना पारा निवासी चिंटू राम प्रजापति आ.जगदीश प्रजापति (30 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने रविवार की रात करीब 8-9 बजे पुरानी रंजिश कों लेकर मदन सिंह से विवाद होने पर हाथपाई की घटना हुई थी जो आस पास उपस्थित दोस्त बीच बचाव कर लड़ाई छुड़वाने का प्रयास किए। इसी दौरान आरोपी मौक़े पर पड़े डण्डा से मदन सिंह को मारपीट किया था और अपने पास रखे धारदार हथियार से हत्याय कर दी। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बड़े भाई ने मांगा पैसा का हिसाब तो नाराज हुए छोटे भाई ने उतारा मौत के घाट

अम्बिकापुर। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पाकजाम निवासी ईश्वर साय आ. धनीराम (36 वर्ष) कुछ दिन पूर्व धान रोपाई के लिए बैंक से 10 हजार रुपए निकाल कर छोटे भाई संजय को दिया था। सोमवार को धान रोपाई का काम खत्म होने पर छोटे भाई सहित परिवार के साथ घर में खाना पीना कर रहे थे। इसी दौरान बड़े भाई ईश्वर ने छोटे भाई से धान फसल लगाने में हुए खर्च का हिसाब मांगने लगा जिससे छोटा भाई नाराज हो गया और विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई संजय ने बड़े भाई ईश्वर के सिर पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया जिससे बड़ा भाई मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना को देख परिजन तत्काल घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### एक शाम मोहम्मद रफी के नाम संगीत कार्यक्रम कल

**अम्बिकापुर।** संगीत संघ व जिमनास्टिक क्लब के संयुक्त तत्वाधान में मशहूर गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर संगीत का श्रद्धांजलि कार्यक्रम एक शाम मोहम्मद रफी के नाम 31 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। संगीत संघ के अध्यक्ष संतोष दास सरल ने बताया कि गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर हर साल उन्हे गीत-संगीत के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। इस बार 31 जुलाई को शासकीय कन्या उच्तर माध्यामिक विद्यालय परिसर में सायं 6:30 बजे से संगीत कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में शहर के उभरते गायक, कलाकार भागीदारी करेंगे।

### जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 5 अगस्त तक होगी विशेष ग्राम सभा

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) (क) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये कलेक्टर सरगुजा द्वारा सरगुजा जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 1 से 5 अगस्त के मध्य ग्राम पंचायतों में पंचायत उन्नति सूचकांक (2.0) वर्ष 2023-24 के लिए संग्रहित डाटा की प्रविष्टि चाए 2.0 पोर्टल में करने के पूर्व ग्राम सभा से अनुमोदन" हेतु विशेष ग्राम सभा आयोजित करने का निर्देशित किया है। छग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) (3) के तहत ग्राम सभा में गणपूर्ति कराने का दायित्व पंच, सरपंच एवं सचिव का होगा।

### केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृति योजना के तहत अजा, अजजा छात्रों से आवेदन प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान, बेंगलुरु (आईआईपीएमबी) भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत एवं स्वायत्त संगठन है, जो कृषि व्यवसाय, वस्तुओं, वृक्षारोपण और संबंधित क्षेत्रों पर केंद्रित है। संस्थान को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति हेतु मान्यता प्राप्त है। आईआईपीएनबी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। पात्रता मानदंड चयन तथा आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी आईआईपीएमबी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### हाथियों ने ग्राम बरडांड एवं बरवाली में ढहाए 5 मकान, चट कर गए अनाज

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम बरडांड एवं बरवावाली में जमकर उत्पात मचाया एवं पांच घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही धान व मक्के की फसल को रौंद दिया। वर्तमान में 13 सदस्यीय दल के हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में तबाही मचा रहे हैं। दल के 2 हाथी कापू जंगल में घूम रहे है वहीं एक हाथी टाइगर पाइंट के निकट जंगल में जबकि दल के 8 हाथी एवं दो हाथियों का दल आबादी क्षेत्रों में घुसकर लगातार तोड़फोड़ मचा रहा है। बीती रात 8 हाथियों का दल जंगल के बीच बरवाली बस्ती में वहीं दो हाथियों का दल बरडांड बस्ती में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ मचाने लगा। मध्यरात्रि हाथियों द्वारा घरों में तोड़फोड़ मचाने से भयभीत परिवार के सदस्यों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इस दौरान हाथियों ने दोनों गांवों में पांच ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की तथा घर में रखे अनाज को खा गए। घरों में रखे अनाज से अपनी भूख मिटाने के बाद हाथी पूरी रात धान व मक्के की फसल को रौंदते रहे। मई के प्रारंभ से ही ग्रामीणों ने बताया कि हाथी अलग-अलग दलों में भ्रमण कर रहे हैं।

## सड़क पर ट्रक चालक का उत्पात, बाइक सवार दम्पति को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के महावीरगंज में ट्रक चालक ने जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने पहले बाइक एक शिक्षक को टक्कर मारी और फिर आगे जाकर दम्पति को चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में दम्पति की मौत हो गई। दुर्घटना के दौरान चालक बाइक सवार ग्रामीण को घसीटते हुए 1 किलोमीटर दूर ले गया और फिर वाहन को छोड़कर फरार हो गया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। वहीं घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- युवक को घसीटते ले गया 1 किमी तक, दोनों की मौत, रामानुजगंज की घटना

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के ग्राम चांकी निवासी 36 वर्षीय लल्लू सिंह आ. मनराज सिंह पत्नी निशा सिंह के साथ किसी काम से रामानुजगंज आया हुआ था। दम्पति काम पूरा होने के बाद बाइक से शाम 4.15 बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जैसे ही वे महावीरगंज में गम्हरिया धान संग्रहण केंद्र के पास पहुंचे रामानुजगंज की ओर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दम्पति को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक ने टक्कर के बाद भी वाहन को नहीं रोका और ट्रक के सामने फंसे हुए लल्लू सिंह को घसीटते हुए एक किमी दूर ले गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है जबकि मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।



### शिक्षक को भी मारी टक्कर

ट्रक के चालक ने सड़क पर जमकर उत्पात मचाया। ट्रक चालक ने सबसे पहले ग्राम मेघुली में शिक्षक कपिल सिंह को भी टक्कर मारी जिससे वे सडक पर गिर गए। गनीमत रही कि घटना में उनकी जान बच गई। घायल शिक्षक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिक्षक को टक्कर मारने के बाद ट्रक ने बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया।

## भोजन करते समय सांस रुकने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** भोजन करते समय अचानक सांस रुकने से गंभीर हुए युवक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम धारा नगर निवासी दिलीप प्रजापति आ. रामध्यान प्रजापति (37 वर्ष) शहर के पटेलपारा में पत्नी के साथ रहता था। कुछ दिन पूर्व की पत्नी रोपा लगाने मायके लुंड्रा के ग्राम गाजर गई थी। गत दिन पत्नी को लेने पति ससुराल गया था। आने से पूर्व पति भोजन करने लगा तभी अचानक सांस रुक जाने से गंभीर हो गया। परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## लेखापाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर ने कर्मचारियों की ईपीएफ राशि का किया गबन, गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ लेखापाल व डाटा एंट्री ऑपरेटर ने मिलकर कर्मचारियों के ईपीएफ की राशि आहरित कर ली। आरोपियों ने मिलकर कर्मचारियों के ईपीएफ से 11 लाख रुपए से अधिक की राशि का गबन कर डाला। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लेखापाल के तबादला उपरान्त नए लेखापाल ने ऑडिट कराई।

- 11 लाख रुपए से अधिक का फर्जी तरीके से आहरण, पत्नी के खाते में किया जमा

जनपद सीईओ की शिकायत उपरान्त पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है की जनपद पंचायत वाड्रफनगर में अधिकारी-कर्मचारियों के ईपीएफ राशि हेतु पृथक से एसबीआई की वाड्रफनगर शाखा में खाता संचालित है। उक्त खाते के माध्यम से ही अधिकारियों/कर्मचारियों के ईपीएफ राशि भुगतान हेतु शासन का अंशदान एवं कर्मचारी का अंशदान राशि जमा होता है। खाते के माध्यम से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का ईपीएफ खाते में राशि ऑनलाइन चालान के माध्यम से अंतरित किया जाता है। पुलिस के अनुसार जनपद कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन लेखापाल वीरेंद्र यादव व डाटा एंट्री ऑपरेटर भगवान सिंह जगते ने ईपीएफ राशि के गबन के लिए बड़े पैमाने पर साजिश की। दोनों ने मिलकर डाटा एंट्री ऑपरेटर भगवान सिंह जगते की पत्नी अंजू सिंह के फिनो पेमेंट बैंक के खाते में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4 लाख 93 हजार 650 रुपए, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3 लाख 13 हजार 910 रुपए तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3 लाख 18 हजार 894 रुपए इस तरह से कुल राशि 11 लाख 2 हजार 6254 रुपए की राशि ऑनलाईन अंतरित कर ली। चूंकि ईपीएफ खाते के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में ओटीपी लेखापाल विरेन्द्र यादव के मोबाईल नंबर ही आता था इसलिए इसकी किसी को भनक तक नहीं लग पाई। दोनों ने मिलकर राशि आहरित की और फिर पूरे पैसों को खर्च भी कर दिया। इस मामले का खुलासा उस वक्त हुआ जब पूर्व लेखापाल का स्थानांतरण हुआ। नव पदस्थ लेखापाल ने जब ऑडिट कराया तो ईपीएफ खातों में गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इस मामले की शिकायत जनपद पंचायत के सीईओ मुहम्मद निजामुद्दीन ने पुलिस से की थी।



### पुलिस ने किया गिरफ्तार

शिकायत के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। तलाश के दौरान पुलिस ने आरोपी लेखपाल वीरेंद्र कुमार यादव रामानुजगंज से तथा डाटा एंट्री ऑपरेटर आरोपी भगवान सिंह को छत्तीसगढ़ उत्तर प्रदेश की सीमा फुली डूमर से धर दबोचा। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 316(4), 318(3), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### आईजी, एसएसपी ने की अभियान की शुरुआत

# सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने मवेशियों को लगाया जाएगा रेडियम कॉलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस ने एक बड़ी पहल की है। पुलिस विभाग द्वारा अब आवारा मवेशियों के गले में रेडियम कॉलर लगाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत मंगलवार को आईजी दीपक झा और एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के की है।

आईजी श्री झा और एसएसपी श्री अग्रवाल ने अभियान के तहत स्वयं मवेशियों के गले में रेडियम कॉलर लगाया। इसके साथ ही पेट्रोलिंग वाहन ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को रेडियम कॉलर देकर रवाना किया। इस दौरान आईजी श्री झा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओ कों कम करना हम सबकी जिम्मेदारी है, सड़क दुर्घटनाओ मे नागरिकों के साथ साथ मवेशियों के हताहत होने की घटनाएं भी प्रकाश मे आती है। ऐसे मामलो कों कम करने के उद्देश्य से रेडियम कॉलर अभियान की शुरुवात की गई है, रेडियम कॉलर से मवेशी रात के दौरान दूर से ही सड़क पर पहचाने जा सकेंगे और जान माल के नुकसान कों बहुत हद तक कम किया जा सकेगा। इस अभियान कों छग (सीसीटीवी) एसोसिएशन के आपसी समन्वय से रेंज के अन्य जिलों मे भी शुरुवात की जायगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने कहा कि सभी पेट्रोलिंग वाहनों कों रेडियम कॉलर प्रदान किया गया है, पेट्रोलिंग वाहन मे कर्तव्यस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्गो मे सड़को मे खड़े मवेशियों एवं आस पास के ग्राम के प्रभावित मवेशियों कों रेडियम कॉलर लगाकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें जिससे सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लायी जा सके।

साथ ही मवेशी मालिकों से आह्वान किया गया कि वे अपने पशुओं को नियंत्रित रखें। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, थाना प्रभारी मणीपुर अश्वनी सिंह, यातायात प्रभारी उनि विजय केवर्त सहित अन्य मौजूद थे।



### रेडियम कॉलर रोकेगा सड़क हादसे, यातायात पुलिस ने मवेशियों के गले पहनाया सुरक्षा पट्टा

**सूरजपुर।** सड़कों पर बैठे आवारा मवेशियों की वजह से सड़क हादसों का डर बना रहता है। जिसमें वाहन चालक के साथ ही गौवंश सड़क हादसे का शिकार हो जाते है। ऐसे में सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात पुलिस को गौवंश के गले में रेडियम कॉलर पट्टी पहनाने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में यातायात पुलिस द्वारा 21 से 27 जुलाई के मध्य एनएच-43 सहित विभिन्न मार्गो में विचरण कर रहे 150 गौवंश के गले में रेडियम युक्त कॉलर पट्टी बांधी गई है ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि आए दिन इस तरह की बात सुनने को मिलती है कि सड़कों पर बैठे मवेशियों की वजह से सड़क हादसे हुए हैं। खास तौर पर रात के समय सड़कों पर बैठे मवेशी वाहन चालक को दिखाई नहीं देते जिसकी वजह से भी सड़क हादसे होते हैं। इसी को देखते हुए पुलिस द्वारा एक छोटी सी पहल की गई है। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस के अलावा जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा ऐसे मवेशी जो सड़कों पर बैठे रहते हैं उनके गले पर रेडियम कालर पहनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुलिसकर्मी के बेटे वीरेन्द्र का सैनिक स्कूल में चयन



**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के बैकुंठपुर निवासी और पुलिस विभाग में पदस्थ संतोष सिंह एवं नीरा सिंह कुसरो के पुत्र वीरेन्द्र सिंह ने सैनिक स्कूल अंबिकापुर की कक्षा 9 वीं की प्रवेश परीक्षा में अनुसूचित जनजाति वर्ग (एसटी केटेगरी) में ऑल इंडिया रैंक 3 प्राप्त कर जिले एवं समाज को गौरवान्वित किया है। छग राज्य के एकमात्र सैनिक स्कूल अंबिकापुर में चयन होना एक गौरवपूर्ण उपलब्धि मानी जाती है। वीरेन्द्र ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बलबूते इस परीक्षा में सफलता हासिल की, जिससे न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कोरिया जिले एवं समाज में हर्ष और गर्व का माहौल है। वीरेन्द्र की इस सफलता पर उनके परिजन, शिक्षकों, पुलिस विभाग के सहकर्मियों, समाज के वरिष्ठजनों और क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। सभी ने वीरेन्द्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणादायक बताया है। वीरेन्द्र सिंह को ऑल इंडिया रैंक 3 (एसटी वर्ग) हासिल करने पर शुभचिंतकों ने अपनी बधाईयां दी है।

### कलेक्टर जनदर्शन में 18 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 29 जुलाई को कुल 18 आवेदन प्राप्त हुए।

### आरक्षक भर्ती परीक्षा : लिखित परीक्षा के लिए सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 के अंतर्गत सरगुजा रेंज की विभिन्न इकाइयों में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। इसीक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरिया को पात्र अभ्यर्थियों की सूची सीलबंद सीडी के माध्यम से प्रेषित की गई है। यह सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोरिया एवं पुलिस कंट्रोल रूम कोरिया के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है।

## दो माह बाद आंदोलनकारियों को मिला न्याय, कोर्ट ने दिए आदेश

# जीएम, मैनेजर, गार्ड व ट्रक चालक पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

जिले के पाण्डवपारा कालरी में भूमि के बदले नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कालरी मैनेजर भूपेन्द्र पाण्डेय, जीएम ऑपरेशन राजेन्द्र कुमार, तीन सुरक्षा गार्ड एवं एक ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश पटना थाना प्रभारी को दिया है।

यह मामला 30 मई का है, जब पाण्डवपारा, सोरगा, टेमरी के लगभग 150 ग्रामीण अग्रिम सूचना देकर सोरगा देवालय चौक के पास कोल परिवहन रोककर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान मैनेजर भूपेन्द्र पाण्डेय के आदेश पर ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीके 0342 को कोयला लोड कर मौके पर लाया गया और ट्रक चालक द्वारा आंदोलनकारियों को कुचलने का प्रयास किया गया।


कोल परिवहन ठप, देवालय चौक पर प्रदर्शन, ट्रक से कुचलने की कोशिश का आरोप
ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन फिर शुरू, माहौल तनावपूर्ण

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

ग्रामीणों ने इस घटना की विडियोग्राफी भी की थी। घटना के बाद पुलिस ने आंदोलन पर बैठे 17 ग्रामीणों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था, लेकिन कॉलरी प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस अन्याय के खिलाफ आंदोलनकारी सोमार साय, प्रवीण दुबे सहित अन्य ग्रामीणों ने थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक और आईजी तक गुहार लगाई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः सोमार साय ने न्यायालय की शरण ली। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सोमार साय द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए पटना थाना प्रभारी को आदेश दिया कि धारा 175 (3) बीएनएसएस, धारा 115 (2), 117(2), 190, 191 (2), 109, 110 सहपठित धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर अन्वेषण कर अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इस मामले के आवेदक सोमार साय कुशवाहा ने कहा कि हम ग्रामीणों पर झूठी रिपोर्ट कर मुकदमा दर्ज करवा दिया गया था, मगर जब हमारी सुनवाई नहीं हुई, तो हमें न्यायालय की शरण में जाना पड़ा और अब दो माह बाद हमें न्याय मिला है। अधिवक्ता केडी शर्मा ने कहा कि एसईसीएल जैसे बड़े संस्थानों के दबाव में अक्सर आम लोगों की शिकायतें दर्ज नहीं होती, लेकिन इस मामले में न्यायालय के आदेश से कार्रवाई शुरू हुई है, जिससे आमजन में न्याय को लेकर विश्वास और मजबूत हुआ है।

### दर्ज किया जाएगा मामला

न्यायालय का आदेश प्राप्त हो गया है, नियमानुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

-राजेश तिवारी
थाना प्रभारी, पटना

# तेज बारिश से बंजारीडॉड़ जलाशय की नहर फूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर


फूटा नहर


खेतो में घुसा पानी

कोरिया जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और विभिन्न जलाशयों व बांधों में जलस्तर काफी बढ़ गया है। इसी बीच खड़गवां जनपद के ग्राम बंजारीडॉड़ स्थित एक जलाशय से निकली नहर फूट गई, जिससे क्षेत्र के किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

■ खेतों में भरा पानी, फसलों को नुकसान

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंजारीडॉड़ में वर्षों पूर्व बनाए गए जलाशय से निकली नहर बारिश के कारण एक स्थान पर फूट गई। नहर के फूटते ही भारी मात्रा में पानी खेतों की ओर बहने लगा। पहले से ही बारिश के कारण लबालब हो चुके खेतों में जब अतिरिक्त पानी भरा, तो धान के रोपा लगे खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे फसल को भारी नुकसान की आशंका है। बताया जा रहा है कि यह नहर आसपास के कई एकड़ खेतों को सिंचित करती थी।

### स्थानीय प्रशासन से मदद की मांग

प्रभावित किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों से पानी निकालने के लिए तत्परता से कदम उठाए जाएं और उन्हें मुआवजा भी प्रदान किया जाए। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी अपील की गई है कि वे मौके पर आकर स्थिति का जायजा लें।

### तत्काल सुधार कराया जाएगा

इसकी जानकारी मुझे मिली है, नहर का मरम्मत कार्य तत्काल कराया जाएगा।

-ए टोप्पो
ईई जल संसाधान विभाग कोरिया

### एमसीबी में अब तक 648.1 मिमी वर्षा दर्ज

एमसीबी जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 1.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 825.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 28 जुलाई तक जिले में कुल औसत 648.1 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 691.6 मिमी, खड़गवां में 546.7 मिमी, चिरमिरी में 609.7 मिमी, केल्हारी में 526.6 मिमी, भरतपुर में 688.9 मिमी और कोटाडोल में 825.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है।


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।

**दुर्गा पूजा समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# झुमका विसर्जन कुंड तक जाने वाली सड़क जर्जर

**बैकुण्ठपुर।** नगर के झुमका विसर्जन कुंड तक जाने वाली सड़क की खस्ताहाल स्थिति, झूलते विद्युत तारों और झाड़ियों की समस्या को लेकर मंगलवार को बैकुंठपुर श्री दुर्गा पूजा समिति ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समिति के अनुराग दुबे, प्रशांत सिंह, सुनील शर्मा, एस त्रिवेदी, अर्पित गुप्ता ने बताया कि झुमका रोड की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। विसर्जन कुंड तक जाने वाली सड़क में गहरे गड्ढ़े बन गए हैं, वहीं कई स्थानों पर विद्युत तार नीचे झूल रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, इसके अलावा सड़क किनारे उगी झाड़ियां और डागालियों से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है।

# अधिकारियों-कर्मचारियों का कल होगा सम्मान

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत बैकुंठपुर विकासखंड में 31 जुलाई को दो प्रमुख आयोजन होंगे। संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह तथा आकांक्षा हाट (वोकल फॉर लोकल) का शुभारंभ।




यह कार्यक्रम जिला पंचायत ऑडिटोरियम बैकुंठपुर में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधानसभा के विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत बैकुंठपुर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 7 जनवरी 2023 को लांच किया गया था। कोरिया जिले का बैकुंठपुर विकासखंड इसमें शामिल है। जुलाई 2024 से सितंबर 2024 के बीच चलाए गए संपूर्णता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं सामाजिक विकास से जुड़े 6 संकेतकों में से 5 संकेतकों पर 100 प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त की गई है।

### आकांक्षा हाट वोकल फॉर लोकल का उत्सव

संपूर्णता अभियान की सफलता के साथ-साथ, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 31 जुलाई से 6 अगस्त तक कलेक्टरेट परिसर स्थित कोरिया मिलेट्स कैफे में प्रतिदिन प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक आकांक्षा हाट का आयोजन किया जाएगा। इस हाट में स्थानीय स्व-सहायता समूहों और शिल्पकारों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री की जाएगी। इस दौरान कोरिया का शुद्ध सोन शहद, सुगंधित चावल, मोदक पोषक लड्डू, देसी अचार, पापड़, बड़ी सहित कई अन्य पारंपरिक उत्पाद शामिल हैं।

### इन संकेतकों में शामिल हैं

गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण, 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों की मधुमेह और रक्तचाप की नियमित जांच, मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) का वितरण एवं स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स प्रदान करना है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए लगभग 60 अधिकारियों, कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान लाभार्थियों द्वारा सफलता की कहानियां की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा कंगारू मदर बैग का वितरण जैसे आयोजन भी होंगे।

# मुख्यमंत्री के प्रवास स्थल छिंदिया में आज शिविर

**बैकुण्ठपुर।** सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के ग्राम छिंदिया प्रवास को यादगार बनाने के 30 जुलाई को यहां सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागीय संयुक्त शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने 8 मई को ग्राम छिंदिया का आकस्मिक दौरा किया था, जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी थीं और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं। उन्होंने ग्रामीणों को समस्याओं के त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया था। इस कड़ी में 30 जुलाई को ग्राम पंचायत छिंदिया में सुबह 11 से सायं 4 बजे तक विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाए जाएंगे। इनमें ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पूर्व में प्राप्त आवेदनों पर की गई विभागीय कार्रवाई की भी जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। इनमें टेंट, प्रकाश, साउंड, पेयजल, स्वास्थ्य, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक गतिविधियां, विभागीय स्टॉल, विद्युत व्यवस्था आदि शामिल हैं। शिविर स्थल पर विभागीय व्यवस्थाओं के निरीक्षण एवं समन्वय की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की होगी। शिविर के लिए नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर होंगे और सहायक नोडल के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर कार्य करेंगे।

# कई गांव में नहीं पहुंचा जल जीवन मिशन का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिला अंतर्गत भरतपुर ब्लॉक के अधिकांश गांव में आज पर्यंत तक जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के वजह से ग्रामीण क्षेत्र के कई स्थानों पर टंकियों का निर्माण अधूरा है तो गांव के कई पारा व टोला में पाइप लाइन बिछाने का कार्य अधूरा है।

ऐसे में इन गांव में रहने वाले ग्रामीण साफ पानी के लिए तरस रहे हैं और मजबूरी में नदी नाले व गड्ढ़ों का दूषित पानी का उपयोग कर रहे हैं, जबकि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीणों के घरों तक शुद्ध जल पहुंचाना है, इसके लिए शासन करोड़ों रूपए खर्च कर रही है, इसके बाद भी भरतपुर क्षेत्र के कई ऐसे गांव हैं, जहां ग्रामीणों को पीने के शुद्ध पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। भरतपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवगढ़, जनुआ, खोहरा, कुदरा (प), नेउर, बरहोरी, जुईली, उमरवाह सहित दर्जनों ऐसे कई ग्राम पंचायत के आश्रित गांव व टोलापारा है, जहां जल जीवन मिशन का पानी घरों तक नहीं पहुंच रहा है। वहीं विकासखंड मुख्यालय जनकपुर के आधी से ज्यादा आबादी को जल जीवन मिशन का पानी नहीं मिलता है। जल जीवन मिशन केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना होने के बावजूद भी लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। कुल मिलाकर पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी और ठेकेदार की लापरवाही की वजह से यह योजना का भरतपुर ब्लाक में बुरा हाल है,जोकि शासन की मंशानुसार धरातल पर नहीं उतर पाया है। विदित हो कि इस योजना के तहत काम के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को एजेंसी बनाया गया है। काम का टेंडर निकाले गए और अलग-अलग ठेकेदारों को काम का टेंडर दिया गया। विभाग के देख-रेख में ठेकेदारों ने काम शुरू कर दिया गया, लेकिन अधूरा काम करके छोड़ दिए। कहीं टंकी का निर्माण अधूरा है तो कहीं पाइप ही नहीं बिछाई गई है।

# 75.23 लाख की लागत से बनने वाले हाईस्कूल का भूमि पूजन

**खड़गवां।** क्षेत्र के ग्राम मझौली में मंगलवार को एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 75 लाख 23 हजार रूपए की लागत से बनने वाले हाईस्कूल भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्साह और उमंग का वातावरण देखा गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से धनंजय पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य रामजीत लकड़ा, अरूणोदय पाण्डेय, महामंत्री रमेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, श्याम कार्तिक साहू, सरपंच संत राम, महेन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच अमीर सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष सोनवती उरे, जिला पंचायत सदस्य प्रिया मेश्राम, हाई स्कूल के प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ, और गांव के सैकड़ों ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद सीईओ रूपेश बंजारे अपने पूरे जनपद स्टाफ के साथ कार्यक्रम में


भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री।

शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा किसानों को अरहर के बीज का वितरण भी किया गया, जिससे कृषि क्षेत्र में भी लाभ पहुंचेगा। मंत्री श्री जायसवाल ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि शिक्षा ही आत्मनिर्भरता की कुंजी है और किसी भी समाज के समग्र विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने गांव के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि एक शिक्षित समाज ही सशक्त समाज होता है। साथ ही उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की बात करते हुए ग्रामवासियों से आग्रह किया कि हर व्यक्ति अपनी माता के नाम पर एक फलदार पौधे अवश्य लगाए।

### जिले में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषामापी केन्द्र कोतमा में 4 मिली मीटर, अमरकंटक में 5 मिली मीटर तथा बेनीबारी में 2.4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।

**न्यायालय तहसीलदार, मैनपाट, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /अ-21/24-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया है कि न्यायालय कलेक्टर जिला सरगुजा अम्बिकापुर, छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक/509/वाचक/2025 अम्बिकापुर दिनांक 15/05/2025 के माध्यम से आवेदक बालमुकुद आ. देवनाथ जाति चमार, निवासी ग्राम कुनिया, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम नर्मदापुर, तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा, स्थित भूमि खसरा क्रमांक 2191/11 रकबा 2.00 हे. में से रकबा 1.200 हे. भूमि को अनावेदक संजय कुमार गुप्ता आ. स्व. बसंत लाल गुप्ता जाति अग्रवाल, निवासी ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ.ग. के पास विक्रय करने हेतु प्रस्तुत आवेदन जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

चूंकि सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति घोषित क्षेत्र होने के कारण यदि कोई अनुसूचित जनजाति का व्यक्ति उक्त भूमि को क्रय करना चाहता है तो वह समयावधि में न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। उसे भूमि क्रय करने में सामान्य वर्ग के व्यक्ति की तुलना में प्राथमिकता दिया जावेगा ।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**मैनपाट**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा मार्केट

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दूरबीन विधि LAPAROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपिक सर्जन
• गॉल ब्लैडर (पित की थैली)
• अपैण्डिक्स • हार्निया
• पेट में गठान • पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 3 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 23 अगस्त 2025 दिन - शनिवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रोस्टेट कैंसर
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 03 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में दिनांक - 27 जुलाई 2025, रविवार
सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. नीरज प्रसाद
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी
मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश अग्रवाल
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ. भाविक शाह
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) मो.8120906000। 8120809000

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के लिवर एवं पेट से संबंधित रोग के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा ओपीडी.
अम्बिकापुर में... डॉ. आकाश गर्ग
एम. बी.बी. एस, डी.एन.बी. (मेडिसीन) डीएनबी (गैस्ट्रो)पेट आंत एवं लिवर विशेषज्ञ, पूर्व विशेषज्ञ - मेदान्ता हॉस्पिटल गुरगांव
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिस्ट ओपीडी अम्बिकापुर में
डॉ. विनय कुमार
एसोसिएट कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजीएम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) डी.एम. (नेफ्रोलॉजी)
दिनांक - 03 अगस्त 2025, रविवार
समय - 11.30 से शाम 4 बजे तक

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
07774222555, 8718003300, 8085886678, 9752542415, 8120809000, 9424250281

## खबर संक्षेप



### तेंदुपत्ता संग्राहकों को नहीं हुआ भुगतान लगा रहे कार्यालय का चक्कर

**लखनपुर।** तेंदुपत्ता की राशि का भुगतान नहीं होने से ग्रामीण कार्यालयों के चक्कर लगा रहे है। लम्बा समय बीत जाने के बाद भी 40 से अधिक किसानों को तेंदू पत्ता संग्रहण का भुगतान नहीं किया गया ऐसे में उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि सोमवार को दो दर्जन से अधिक की संख्या में तेंदूपत्ता संग्राहक वन विभाग के कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पोषक अधिकारी प्रेम सिंह से मुलाकात की और राशि भुगतान किए जाने की मांग की। संग्राहकों ने बताया कि 40 से अधिक लोगों ने मई महीने में जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य किया और तेंदुपत्ता कि गड्डी बनाकर फड़ मुंशी के पास जमा कर दिया गया था। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि का भुगतान संबंधित व्यक्तियों के खाते में जमा होना था लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि खाते में जमा नहीं हो पाई। खरीफ फसल का मौसम आने के बाद कर्ज लेकर ग्रामीणों के द्वारा कृषि का कार्य किया गया वहीं तेंदूपत्ता राशि के लिए कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। किसान निर्मल एक्का, अलंग साय एक्का, चमरू, शिवलाल, प्रेम शंकर, बीरबल, जलसा किशोर राजू, शिवराम, जगदीश, अन्य ने ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की है। इस संबंध में लघु वनोपज प्रबंधक क्षितिज कुमार सिंह ने बताया गया की संग्राहकों की ईकेवाईसी नहीं होने के कारण ऑफलाइन सूची तैयार कर अंबिकापुर और रायपुर कार्यालय को भेजा गया है जल्द ही राशि का भुगतान कराया जाएगा।

### रहनुमा एजुकेशन सोसायटी ने किया स्कूलों में पौधरोपण

**अंबिकापुर।** रहनुमा एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा प्राथमिक शाला मायापुर और पूर्व माध्यमिक शाला नवागढ़ में पौधरोपण कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। एजुकेशन सोसायटी की ओर से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित पौधरोपण में छात्रों, शिक्षकों और समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सोसायटी की ओर से छायादार और औषधीय पौधे रोपे गए। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ शिक्षा ही नहीं, बल्कि छात्रों में सामाजिक और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी की भावना पैदा करना भी है। वृक्षारोपण हमारी इस सोच का एक छोटा लेकिन असरदार हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान सचिव रशीद अहमद अंसारी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। आज के समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। सोसाइटी ने भविष्य में और भी विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों में वृक्षारोपण की योजना बनाई है। इस दौरान मसूद आलम, पार्षद मोहम्मद मेराज (गुड्डू), मोहम्मद इमरान, प्रधान पाठक श्री राय, बिलाल अंसारी आदि मौजूद थे।

### जयनगर बाजार व दतिमा से दो बाइक की चोरी

**बिश्रामपुर।** चोरों द्वारा अलग अलग स्थानों क्रमशः जयनगर बाजार व दतिमा गांव से दो मोटरसाइकिल को पार कर दिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम महंगई निवासी गीता पिता जयप्रकाश का भांजा भगत सिंह सोमवार को कांवड़ यात्रा में शामिल होने डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीडी 1476 में अपने गांव के साथी रकेली निवासी सतीश कुमार के साथ आया हूआ था,युवक भगत सिंह द्वारा अपने बाइक को जयनगर बाजार के पास खड़ी कर कांवड़ यात्रा में शामिल हो गया था, केनापारा से जब वापस लौटा तब देखा कि अज्ञात चोरों ने बाइक को मौके से चोरी कर लिया है।इसी प्रकार करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दतिमा निवासी गुलजार मोहम्मद पिता सहाबुद्दीन सोमवार को एसईसीएल अमेरा खदान से ड्यूटी करने उपरांत शाम को वापस घर लौटा,रात में अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3945 को घर के बाउंड्री के अंदर शेड के नीचे खड़ी कर सो गया,तभी मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों ने ग्रामीण की बाइक को घर से पार कर दिया है।

### चलती बाइक से गिरी महिला अस्पताल ले जाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** पति के साथ बाइक से मायके जा रही महिला चलती बाइक से गिर गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक पति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम विरेन्द्र नगर निवासी इंद्रावती पति विश्वनाथ पंडो (35 वर्ष) 22 जुलाई को पति विश्वनाथ के साथ बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 8426 से मायके ग्राम त्रिशुली जा रही थी। इस दौरान ग्राम तालकेश्वरपुर मुख्य मार्ग पर चलती बाइक से सड़क पर गिर गई जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने बाइक चालक पति के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## बीएमओ समेत तीन डॉक्टर के भरोसे अस्पताल संचालित

# चिकित्सक की समस्या से जूझ रहा प्रेमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

**खास बात**

- ब्लड जांच कराने में मरीजों को लग जाते है एक से दो दिन

स्वास्थ्य विभाग लोगों की सुविधा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध कराई गई है परंतु स्वास्थ्य केन्द्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस तरह की स्थिति प्रेमनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की है जहां न तो पर्याप्त चिकित्सक है और न ही गंभीर मरीजों के लिए जांच व उपचार की की सुविधा है जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के 46 ग्राम पंचायत के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आश्रित है बावजूद इसके आज तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुविधा उपलब्ध कराने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आने वाले ग्रामीणों को छोटी मोटी समस्याओं को लेकर जिला चिकित्सालय का चक्कर लगाने को मजबूर है।

प्रेम नगर अंतर्गत 46 ग्राम पंचायत के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर है। लेकिन आज भी अस्पताल में चिकित्सक समेत मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहा है। आदिवासी क्षेत्र का यह एक महत्वपूर्ण अस्पताल है परंतु अस्पताल की समस्याओं को लेकर किसी ने उचित पहल करना मुनासिब नहीं समझा। इधर शासन प्रशासन स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च करती है परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जितना लाभ मिलना चाहिए उतना नहीं मिल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में मरीजों को ब्लड जांच कराने में एक से दो दिन लगता है। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बुखार, टाइफाइड एवं अन्य बीमारियों लोग पीड़ित हो रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर की लचर स्थिति होने के कारण मरीजों को काफी समस्या होती है। गत दिन भी बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल जांच व उपचार कराने पहुंचे। चिकित्सक ने जांच उपरांत ब्लड जांच कराने लिखा जिस पर मरीजों को ब्लड जांच कराने में ही घंटो लग गए। ऐसे में ब्लड रिपोर्ट समय पर नहीं मिलने के कारण कई मरीज उपचार कराए बिना ही वापस लौट गए।



अस्पताल में मरीजों की भीड़।

#### अनुभवी डॉक्टरों की मांग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में अनुभवी डॉक्टर के नहीं होने के कारण छोटी छोटी समस्याओं को लेकर मरीज समेत परिजन को सूरजपुर जांना पड़ता है। विकास खंड प्रेमनगर के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अनुभवी डॉक्टर की मांग लंबे समय से कर रहे है परंतु आज तक विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो सकी।

#### गर्भवती माताओं के लिए नहीं शौचालय

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए शौचालय की व्यवस्था है परंतु विभिन्न जांच कराने बाहर से आने वाली गर्भवती माताओं के लिए अलग से शौचालय की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यूरिन जांच के लिए गर्भवती माताओं को जगह तलाश के लिए भटकना पड़ता है। जबकि वार्ड स्थित शौचालय के साफ सफाई नही होने पर संक्रमण की खतरा से वहां जाना मुनासिब नहीं समझते। अस्पताल में साफ सफाई की एवं मरीजों के बिस्तरों पर बेडशीट की कमी रहती है। ऐसे में अस्पताल में दाखिल मरीजों को साफ सफाई के अभाव में बदबू के बीज रहना पड़ता है।

#### झोलाछाप डॉक्टर से कराते है उपचार

सामुद्यायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में साफ चिकित्सक की कमी जाने के कारण आसपास गांव के लोग झोला छाप से जांच कराना उचित समझते है। ऐसे में गांव गांव में झोलाछाप डॉक्टरों की सक्रियता दिखाई देता है। दूर दराज के ग्रामीण यदि सामुद्यायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिन में इलाज न या तो सूरजपुर जाते है या फिर किसी झोला छाप डॉक्टर से इलाज कराते है। जिला स्तर में भी विभाग के अनुसार डॉक्टरों की मांग की गई है लेकिन प्रेमनगर में आज तक पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध नहीं हो सकी।

#### चिकित्सकों की है कमी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर में चिकित्सकों की कमी है। जिला से डॉक्टर नहीं भेजने के कारण मरीजों को दिक्कत हो रही है। वर्तमान में हम लोग केवल तीन डॉक्टर हैं और किसी तरह सम्हाल रहे हैं। यदि जिला से डॉक्टर भेज दिए जाते हैं तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रेमनगर की व्यवस्था में सुधार हो जाएगा।

-डॉ. तिलकेश्वर पैकरा
बीएमओ प्रेमनगर

## महिला होटल संचालक से छेड़छाड़ जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- आरोपी गिरफ्तार, आदतन बदमाश है आरोपी



होटल में सो रही महिला को छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के प्रयास में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी आदतन बदमाश है और इसके खिलाफ पूर्व में कई गंभीर मामले दर्ज है।

बरियों चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 जुलाई की शाम 5 बजे महिला के होटल में एक युवक आया हुआ था और अपना परिचय अरबाज खान के रूप में देते हुए मोबाइल चार्ज करने की बात कही थी। मोबाइल चार्ज होने के बाद युवक एक घंटे बाद चला गया। रात में महिला होटल बंद कर सो रही थी और होटल के सामने रस्सी बंधी हुई थी। रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच अरबाज खान फिर से घुस आया और महिला को पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। जब महिला ने शोर मचाया तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। महिला अपने होटल से निकलकर पेट्रोल पंप की ओर भागी तो युवक ने उसका पीछा किया। महिला पेट्रोल पंप के अन्दर घुस गई, आरोपी भी महिला के पीछे पेट्रोल पंप में घुस आया और पकड लिया। आवाज सुनकर पेट्रोल पंप के हारी भी मौके पर आ गए और युवक को पकड़ने का प्रयास किया तो उसने टांगी से लोगों पर हमला करने का प्रयास किया जिसमें एक युवक को चोट आई। इस मामले में पुलिस ने महिला कि शिकायत के बाद सरगुजा के धौरपुर बबौली बिलमा निवासी 30 वर्षीय अरबाज अली आ. न्यामत अली को बीएनएस की धारा धारा 331, 74, 296, 351(2), 115(2), 69 के तहत गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ धौरपुर में भी कई गंभीर मामलों में अपराध दर्ज है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह, सउनि मुन्ना राम, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, जगनाथ केराम, सुबोध पैंकरा, अनिल एक्का, सुरेन्द्र रवि शामिल रहे।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नव विवाहिता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले की सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाली युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह शादी के 15 दिन बाद अपने मायके में आकर रह रही थी। इसी दौरान ग्राम डूमर पान निवासी अजय सिंह गोंड उसके मायके के किराना दुकान में आता था। 20 जुलाई की शाम 7 बजे वह घर के बाहर थी तो अजय सिंह उसके पास आया और शादी करने की बात कहते हुए अपनी बाइक में बैठाने लगा। जब युवती ने बाइक पर बैठने से मना किया तो आरोपी उसे मारने पीटने की धमकी देने लगा। युवती अजय सिंह के साथ चली गई। आरोपी युवती को अपने साथ चूना पत्थर जंगल ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी नवविवाहिता को वाड्रफनगर स्थित अपने कमरे में ले गया और चार दिनों तक कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया व किसी को शिकायत करने पर जाम से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के बाद डूमरपान छाता करम निवासी 23 वर्षीय अजय सिंह आ. फूलचंद गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 87, 69, 351(2) के तहत गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सनावल गजपति मिर्रे, साइबर सेल प्रभारी हिम्मत सिंह शेखावत, सउनि निरीक्षक शिव कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक सुखदेव सिंह, आरक्षक कृष्णा सिंह मरकाम, अमृत सोनवानी, प्रवीण कुजूर, प्रेमलाल, महिला आरक्षक अस्वंति कुजूर सक्रिय रहे।



## लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें बच्चे, आने वाला समय एआई का

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए लुंड्रा विधायक



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लुंड्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज के मुख्य अतिथ्य में आयोजित किया गया। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र अपना लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ें। आने वाले समय में प्रतिष्पर्धा बढ़ती जाएगी। अब एआई का युग आ रहा है। इसलिए छात्रों को लक्ष्य निर्धारण कर कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक कर मिठाई खिलाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। विधायक प्रबोध मिंज ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज से दो दशक पूर्व सरगुजा जिले में न तो पढ़ाई के लिए पर्याप्त संसाधन थे और न ही सुविधाएं। इस कारण आपके पालक पढ़कर वह नहीं बन सके जो वे बनना चाहते थे। वे बच्चों को अपने सपने पूरा करते देखा चाहते हैं। विधायक ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं एवं बारहवीं में ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों को 25-25 हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत और आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। विधायक ने छात्रों को पाठ्य पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सामग्री निःशुल्क वितरित की। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा व छात्रों ने विधायक से प्रार्थना स्थल पर शेड का निर्माण, बालक-बालिका के लिए पृथक शौचालय निर्माण की मांग रखी। विधायक प्रबोध मिंज ने इसे त्वरित स्वीकृति प्रदान की और संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्राचार्य राकेश कुमार वर्मा तथा शिक्षक दयाशंकर सिंह, लक्ष्मण राम जगत, शिखा गुप्ता, सीमा तिग्गा, विनीता जायसवाल और विमला कुजूर द्वारा पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जयंत मिंज, अभिषेक पावले, जनपद सदस्य राजेश सोनी, लुंड्रा सरपंच सोमार साय, चिरगा सरपंच मानसाय, एसएमडीसी अध्यक्ष राकेश सिंह सहित बीईओ मनोज कुमार वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आईटीआई के विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने की मिली अनुमति

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत अमनदोन में संचालित आईटीआई के विद्यार्थियों को 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति का हवाला देकर परीक्षा से वंचित किया गया था। जिस पर प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए विद्यार्थियों ने कलेक्टर एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप जांच कर कार्रवाई किए जाने की तथा परीक्षा में बैठने की अनुमति दिए जाने की मांग की थी। विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल पर द्वेष का भावना रखकर अभद्रता का आरोप लगाकर साल बर्बाद करने की बात कही थी। विद्यार्थियों की बातों को गंभीरता से परीक्षा में बैठने का आश्वासन दिया था और अंततः विद्यार्थियों की मांगों को मानना पड़ा और प्रिंसिपल द्वारा परीक्षा में बैठने की इजाजत दी गई।



## महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासकीय कालिदास महाविद्यालय में जन भागीदारी समिति की प्रथम बैठक आहूत की गई। बैठक में जन भागीदारी समिति के सहयोग से चल रहे विभिन्न प्रकार के विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में होने वाले खर्च संबंधित विवरण एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। जन भागीदारी के माध्यम से टीचरों की नियुक्ति, लाइब्रेरी प्रयोगशाला छात्रों के हित में विभिन्न प्रकार के विषयों पर विचार विमर्श किया गया। कॉलेज कैंपस में साइकिल स्टैंड, कैंटीन और जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़े हुए हैं उनके पुनरुत्थान के लिए एवं कई आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई। महाविद्यालय में बने हुए अतिरिक्त कक्ष सहित महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। जन भागीदारी के अध्यक्ष सहित सदस्य जनप्रतिनिधियों ने महाविद्यालय का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गुलाब मोहन तिवारी, मुकेश तायल, आनंद शुक्ला, रजनीश सिह, राजेश गुप्ता, राम रतन गुप्ता, अशोक जायसवाल, अंकुर पटेल, भगवान सिंह, प्रदीप यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

### युवक ने अज्ञात कारण से रेता खुद का गला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से खुद का गला धारदार हथियार से रेत दिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। आज सुबह चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन कर युवक की जान बचाई। जानकारी के अनुसार शहर से लगे बधिया चुआ निवासी पप्पू लाल आ. स्व. रूपलाल (28 वर्ष) बीती रात अज्ञात कारण से धार दार हथियार से खुद के गला को रेत दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन तड़के उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इधर युवक की हालत गंभीर देख चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन किया किया। चिकित्सकों के मुताबिक युवक खतरे से बाहर है। युवक ने किस कारण खुद का गला रेता यह स्पष्ट नहीं हो सका है। बहरहाल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है।

### नेटवर्क मार्केटिंग गिरोह के चंगुल में फंसे रामानुजनगर के युवा, कई बने कर्जदार

**रामानुजनगर।** संपत्ति और ब्लॉकचेन तकनीक के नाम पर चल रहे एनएफटी घोटाले ने रामानुज नगर ब्लॉक के सैकड़ों युवाओं की जिंदगी को संकट में डाल दिया है। बड़े मुनाफे और त्वरित कमाई के लालच में फंसे युवा अब कर्ज के दलदल में डूब चुके हैं। इस पूरे प्रकरण में स्थानीय स्तर पर एक बड़ी साजिश और नेटवर्क मार्केटिंग का जाल सामने आ रहा है। एनएफटी (नॉन-फंजिबल टोकन) डिजिटल दुनिया में एक ऐसी संपत्ति होती है जो ब्लॉकचेन पर आधारित होती है। इसके माध्यम से डिजिटल कलाकृतियों, म्यूजिक, गेमिंग आइटम्स आदि का व्यापार किया जा सकता है। इसी तकनीक के नाम पर एक संदिग्ध प्लेटफॉर्म के माध्यम से युवाओं से लाखों रुपये की ठगी की गई। इस घोटाले की डायरेक्टर प्रमिला महंत बताई जा रही हैं, जो पंपा नगर की निवासी हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने श्रीनगर में कुछ सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को विश्वास में लेकर एक बड़ा नेटवर्क मार्केटिंग गिरोह खड़ा किया, जिसमें रामानुज नगर ब्लॉक के कई गांवों के युवा फंसे हैं। घोटाले में शामिल लोगों ने युवाओं को रोजाना 4.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत तक के मुनाफे का लालच दिया, जिससे वे मोटी रकम निवेश करने को मजबूर हो गए। शुरुआती निवेशकों को कुछ रिटर्न देकर उनका विश्वास हासिल किया गया और फिर उनसे बड़े पैमाने पर पैसे ठगे गए। स्थानीय लोगों और पीड़ितों ने इस पूरे मामले की साइबर सेल और आर्थिक अपराध शाखा से जांच की मांग की है।

# बाइकर्स गैंग के उत्पात ने नगरवासियों की बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- गोली चलने जैसी आवाज व खतरनाक स्टंट से लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार, कार्रवाई की मांग

पुलिस की उदासीनता एवं कार्रवाई के अभाव में नगर में बाइकर्स गैंग का आतंक दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। बाइक में लगे मोडिफाइड साइलेंसर से निकलने वाली कानफोडू आवाज एवं जानलेवा रफ्तार लोगों के लिए जी का जंजाल बन गए है। बाइकर्स गैंग में ज्यादातर नशेड़ी एवं नाबालिग लड़के है जो जो गैंग बनाकर शहर में आतंक मचा रहे है। आलम यह है कि बाइकर्स गैंग को टोकने या समझाने पर वे मरने मारने पर उतारू हो जाते है। ऐसे में लोग बाइकर्स गैंग का आतंक झेलने को मजबूर है। अब नगरवासियों ने बाइकर्स गैंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

नगर में इन दिनों बाइकर्स गैंग का आतंक काफी बढ़ गया है। पुलिसिया कार्रवाई एवं धरपकड़ के अभाव में इनके हौसले दिन प्रतिदिन बढ़ते चले जा रहे हैं। बाइक में लगे मोडिफाइड साइलेंसर से के कानफोडू व गोली चलने जैसी आवाज ने लोगों की परेशानी बधा दी है जबकि अनियंत्रित रफ्तार जानलेवा साबित हो रही है। बाइकर्स गैंग में ज्यादातर नशेड़ी एवं नाबालिग लड़के है जो गैंग बनाकर नगर में जमकर आतंक मचाते है। जब भी बाइकर्स गैंग नगर में निकलता है तो बाइक के साइलेंसर से निकलने वाली कानफोडू आवाज से पूरे नगर का माहौल दूषित कर देते है। इसके अलावा सड़को पर जानलेवा रफ्तार और खतरनाक स्टंट की वजह से डरे सहमे लोगो के मन मे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बाइकर्स गैंग ज्यादातर स्कूल टाइम और नगर के भीड़भाड़ वाले इलाके को अपना निशाना बनाते है जहां ये अपनी बाइक के साइलेंसर से गोली एवं पटाखे जैसी आवाज निकालकर लोगो को आतंकित करते है।इस दौरान अगर कोई इनका विरोध करता है तो ये उसके साथ मरने मारने पर उतारू हो जाते है। जिसकी वजह से नगर में कई बार बलवा एवं गैंगवार जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित हो चुकी है। आम लोगो की परेशानी से इन्हें कोई लेना देना नही है ये अपना शौक पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहते है। नशे की धुन में जानलेवा रफ्तार से चलने वाले बाइकर्स गैंग अपनी जान जोखिम में डालने के साथ लोगों की जान भी जोखिम में डाल देते हैं। जिसकी वजह से नगर में कई बार जानलेवा दुर्घटना हो चुकी है। बीते साल एक तेज रफ्तार बाइकर्स की चपेट में आकर तहसील कार्यालय के पास योगगुरु उत्तम गुप्ता की मौत हो गई थी। इसके अलावा नगर के बाइक मिस्त्री गुड्डू के इकलौते बेटे की मौत भी तेज रफ्तार की वजह से हो चुकी है। बाइकर्स गैंग की बेलगाम रफ्तार की वजह से नगर में बहुत सारी ऐसी घटनाएं हुईं है जिसमे या तो बाइक चलाने वाले या इनकी चपेट में आने वाले की जान चली गई हैं या फिर गंभीर रूप से घायल हो चुके है इसके बाद भी बाइकर्स गैंग का आतंक नगर में कम होने का नाम नही ले रहा है। दिनोंदिन इनके बढ़ते आतंक की एक बड़ी वजह है इनके विरुद्ध पुलिसिया कार्यवाही एवं धरपकड़ की कमी है। जबकि नाबालिग एवं बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। नाबालिग युवक से दुर्घटना होने के बाद उसके अभिभावक को दंडित करने का नियम है किंतु शिथिलता बरतने की वजह इस प्रक्रिया का पालन नही हो पा रहा है। जिसकी वजह से नाबालिग लड़को में कानून और पुलिस का डर बिल्कुल खत्म हो चुका है। यही वजह है कि नगर में इन दिनों बाइकर्स गैंग का आतंक चरम पर है। इनका ये आतंक नगरवासियों के लिए सिरदर्द बनते जा रहा है। नशेड़ी और नाबालिग लड़को द्वारा सड़को पर जानलेवा रफ्तार और खतरनाक स्टंट की वजह से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगरवासियों ने शहर में आतंक का पर्याय बन चुके बाइकर्स गैंग के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है ताकि लोगो को इनके आतंक से मुक्ति मिल सके एवं शहर में होने वाली अप्रिय घटना को टाला जा सका।

#### स्कूल टाइम में स्टंट व छात्राओं से छेड़छाड़

नगर में आतंक का पर्याय बन चुके बाइकर्स गैंग का आतंक स्कूल टाइम में कुछ ज्यादा बढ़ जाता है। इस दौरान शहर में ध्वनि प्रदूषण फैलाने के साथ स्कूली छात्राओं को छेड़ना उनपर फब्तियां कसना बाइकर्स गैंग के लिए अब आम बात हो गई है। हीरो बनने के चक्कर मे बाइकर्स गैंग की रफ्तार स्कूली टाइम में कुछ ज्यादे तेज हो जाती है। एक दूसरे से आगे बढ़ने के होड़ में ये रफ्तार के इस खतरनाक हद तक जा पहुंचते है जहां थोड़ी सी भी चूक बाइक चालक समेत स्कूली बच्चों एवं राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इतना सब कुछ होने के बाद भी बाइकर्स गैंग के विरुद्ध कार्रवाई के बजाए पुलिस की चुप्पी ने लोगो को चिंता में डाल दिया है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर चालान काटकर छोड़ देती है जिससे उनके हौसले बुलंद है। गैंग में नाबालिग और स्कूली छात्र होते है ।जो बिना लाइसेंस के सड़क पर फर्राटे भरते है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र सिंह मंडावी ने बताया कि बाइकर्स गैंग के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी।



## खबर संक्षेप



### जवाहर नवोदय विद्यालय के 15 छात्र छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा में

**अम्बिकापुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खलीबा के 15 छात्र-छात्राएं विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयनित हुए हैं। चयनित विद्यार्थियों में चंद्रशेखर प्रधान एथलेटिक्स राधिका बर्मन, कबड्डी में आध्या गुप्ता एवं निगार फातिमा बैडमिंटन, मैक्स खलखो, विभूति लकड़ा एवं भावना सिंह मुक्केबाजी , रविशंकर, प्रेक्षा खरे, असीम एक्का, अदिति सिंह, दिव्या लकड़ा एवं सृष्टि ठाकुर वॉलीबॉल, शौर्यम सोनी क्रिकेट एवं संस्कार गुप्ता चेस राष्ट्रीय टीम में शामिल किये गए है। प्राचार्य डॉ.एसके सिन्हा ने चयनित विद्यार्थियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा जीत का आशीर्वचन दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यालय की शिक्षा और सह-शैशणिक गतिविधियों की उच्च गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने खेलकूद शिक्षक अजय पाण्डेय एवं शिक्षिका सुश्री नीलकमल के योगदान की सराहना की। शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर अजबनगर में निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला



**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वे वर्षगांठ रजत जयंती अवसर पर विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जागरूकता शिविर अजबनगर के साप्ताहिक बाजार प्रांगण में लगाया गया, शिविर में अजबनगर प्राथमिक पाठशाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य के हिसाब से उनको आवश्यकता अनुसार दवाई भी वितरण की गई। शिविर में अजबनगर, रविंद्रनगर, मदनपुर, संजयनगर के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, साथ ही गर्भवती महिलाओं का विशेष परीक्षण कर उनको समय-समय पर टीका लगवाने की बात कही गई।कार्यक्रम में शिविर प्रभारी डॉ रणविजय सिंह, आयुष अधिकारी डॉ योगेश पांडेय, डॉ संतोष सिंह, डॉ परमेश्वर पटेल, डॉ उमेश लवली, शिवलाल कुमार, अजय समद्दार, प्रेमलाल बघेल, सुनील, अजबनगर सरपंच नैनसाय, पूर्व सरपंच अर्जुन सिंह, भाजपा नेता कन्हाई लाल विश्वास, शुभेंदु चटर्जी उपस्थित थे।

### खुले सैप्टिक टैंक में गाय गिरकर मरी, बदबू से कॉलोनी वासी परेशान

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक आरटीआई कॉलोनी में खुले सैप्टिक टैंक में गिरकर एक गाय की मौत हो गई है।यहाँ पर कई घंटे



बीत जाने बाद भी गाय के शव को टैंक से बाहर नहीं निकाला जा सका है जिससे सड़ती लाश से फैलती बदबू ने आसपास के माहौल को पूरी तरह असहनीय बना दिया है।कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है,यहां की खुली सैप्टिक टंकियां हादसों को न्योता दे रही हैं और एसईसीएल प्रबंधन ने उक्त सम्बन्ध में कोई सुधार कार्य नहीं किया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि एसईसीएल आवासीय कालोनियों में स्थित कई सैप्टिक टैंक वर्षों से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं और इस पर कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है।स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए ये टैंक जानलेवा खतरा बने हुए हैं।कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही इन टैंकों को ढंका नहीं गया,तो कोई बड़ी मानवीय दुर्घटना हो सकती है।लोगों का कहना है कि गाय की लाश से उठती दुर्गंध के कारण लोगों को खिड़की-दरवाजे बंद करके रहना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में सड़ती बदबू और गंदगी से क्षेत्र में गंभीर संक्रमण फैलने की आशंका भी बढ़ रही है।

## निधन

### श्रीमती राधा सिंह



**अम्बिकापुर।** शहर के चोपड़ापारा निवासी श्रीमती राधा सिंह पति डॉ.महेन्द्र प्रताप सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी तथा मार्गदर्शन संस्थान की संस्थापक थी। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाएगा।

## नाग पंचमी पर हुआ दंगल

# प्रदीप को मिला सरगुजा केसरी का खिताब, दुर्गेश बने सरगुजा कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अतिथियों के साथ विजेता प्रतिभागी।

**खास बात**
- मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

नागपंचमी के अवसर पर शहर के मंदिरो में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं परम्परा के अनुसार नाग पंचमी पर अखाड़े का आयोजन किया गया। नाग पंचमी में आयोजित दंगल कुश्ती में पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

बता दें कि नागपंचमी के अवसर पर सरगुजा कुश्ती संघ द्वारा स्थानीय मल्टी परपज हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में कुश्ती खेल का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की शुरुआत सर्वप्रथम बजरंगबली के पूजन आरती एवं पुष्पांजलि कर की गई। इस दंगल में सरगुजा सहित प्रदेश के 100 जोड़े पहलवान शामिल हुए। इस दंगल प्रतियोगिता को सीनियर और जूनियर वर्ग में विभाजित किया गया था। दंगल प्रतियोगिता के दौरान प्रदेश भर से आए पहलवानों के बीच कुश्ती का शानदार मुकाबला हुआ। पहलवानों के नए नए पैतरों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस दंगल में सरगुजा केसरी का खिताब विजेता प्रदीप पैकरा ने हासिल किया। विजेता असोला निवासी प्रदीप पैकरा को 21 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह उप विजेता का खिताब मोहम्मद अयान ने जीता। उप विजेता को 11 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह सरगुजा कुमार विजेता बिलासपुर के दुर्गेश बंशगार बने जबकि सरगुजा कुमार असोला निवासी उप विजेता लक्ष्मी प्रसाद, सरगुजा अभिमन्यु विजेता अर्जुन सारथी असोला व अभिमन्यु उप विजेता देवानंद उदारी लुण्ड्रा रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर ने आयोजन के लिए समिति को 5 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की इस दौरान कार्यक्रम में सरगुजा कुश्ती संघ के संरक्षक मेजर अनिल सिंह, गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, आईजी दीपक झा, कलेक्टर विलास भोस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, रामा पांडेय, ललन प्रताप सिंह, द्वितेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र शर्मा, हरमिंदर सिंह(टिन्नी), अभिमन्यु गुप्ता, आलोक दुबे, मधुसुदन शुक्ला, कुश्ती संघ अध्यक्ष विकास पांडेय, दीपक सिंह तोमर, संजीव वर्मा, शशिकांत जायसवाल, रूपेश दुबे, शैलेन्द्र सिन्हा, प्रकाशमणि त्रिपाठी, रविशंकर जायसवाल, रविकांत उरांव, रवि विश्वकर्मा, सुनील यादव, विवेक सिंह, अमोघ कश्यप, राहुल पांडेय, हर्ष पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

### मंदिरो में उमड़ी भक्तों की भीड़

नागपंचमी के अवसर पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्त सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की। शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित नाग मंदिर में भी भक्तों ने भगवान शिव व शेष नाग की पूजा अर्चना कर उन्हें दूध, बेलपत्र चढ़ाया और अपने व परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना की। नाग पंचमी और सावन सोमवार को लेकर स्थानीय हनुमान मंदिर स्कूल रोड और अस्पताल रोड स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर में नाग पंचमी का उत्सव मनाया गया। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में श्री महावीर मंडल लोक न्यास समिति द्वारा भगवान हनुमान का पूजन एवं अखंड हरी कीर्तन 8 बजे सुबह से प्रारंभ किया गया। इसके बाद हनुमान जी की महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की कुश्ती स्थानीय हनुमान मंदिर प्रांगण में कराई गई।

### शहर में निकली शोभा यात्रा

नागपंचमी के अवसर पर शाम को स्कूल रोड हनुमान मंदिर और अस्पताल मार्ग बाबा विश्वनाथ मंदिर हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा शहर में निकाली गई। इस दौरान झंडे को उठाने श्रद्धालु उमड़ पड़े थे। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर वापस हनुमान मंदिर पहुंची।



# मंत्री परिवार के साथ रामानुजगंज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्य में हुए सम्मिलित

बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति द्वारा श्रावण महीने में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाले कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में की गई है जहां आज बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सपत्नीक अन्य परिवार के साथ पहुंचे। उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा कार्यों की जमकर सराहना की।

इस दौरान नगर के मांगलिक भवन में बाबा बैजनाथ धाम कांवरिया सेवा समिति के प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में नगर वासियों द्वारा स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया गया। नगर के पुजारियो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शंख ध्वनि के साथ स्वास्थ्य मंत्री के हाथों विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की मांगलिक भवन में पूजा अर्चना कराई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सीमा पर कन्हर नदी के तट पर स्थित रामानुजगंज में कांवरिया सेवा समिति द्वारा सेवा, श्रद्धा, समर्पण भाव से श्रावण मास में बाबा वैद्यनाथ धाम की यात्रा में जा रहे कावड़ यात्रियों की सेवा की जा रही है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के दूर दराज गांव एवं शहर से 200 से 500 किलोमीटर दूरी तय करके कांवड़ यात्री रामानुजगंज तक पहुंचते है। यहां पर जिस प्रकार से एक साथ 300 से अधिक लोगों के लिए भोजन एवं रुकने की प्रतिदिन व्यवस्था की जा रही है इससे कावड़ यात्रियों को बहुत राहत मिल रही है एवं उनके लिए आगे का सफर भी आसान हो रहा है। बाबा बैजनाथ धाम कावर सेवा समिति के प्रमुख एव नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि नगर वासियों के सहयोग से सेवा कार्य की सम्पूर्ण व्यवस्था सुगमता पूर्वक संचालित हो रही है।

# कुश्ती के सीनियर वर्ग में अनुज तो जूनियर में शांतनु ने मारी बाजी

- अनोखी सोच द्वारा नाग पंचमी के अवसर पर कराया कुश्ती



नागपंचमी के अवसर पर शहर की अनोखी सोच सामाजिक संस्था ने अपने धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्यों के अंतर्गत स्थानीय बाबा विश्वनाथ एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधि विधान से पूजा सम्पन्न कराया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। पूजा पश्चात संस्था द्वारा मणिपुर क्षेत्र में कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

कुश्ती में छोटी उम्र से लेकर बड़े पहलवानों ने अपने कुश्ती के जोहर का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने पहलवानों के पैतरों और कुश्ती देखने का आनंद लिया। संस्था द्वारा मंदिर प्रांगण में पूजा उपरांत भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कुश्ती प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के विजेता अनुज खेस को 15 हजार और उपविजेता ऋषभ मिश्रा को 7 हजार 100 रूपए की राशि तथा जूनियर वर्ग के विजेता शांतनु साहू को 5100 रुपए और उपविजेता अगत मुंडा को 3100 रुपये की नकद राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

इसके उपरांत प्रतिवर्ष की भांति सायंकाल 6 बजे से बजरंगबली के यश प्रतिष्ठा एवं भक्ति के प्रतीक ध्वज के साथ झांकी और जुलूस के रूप में जागरण यात्रा भी संपन्न हुई। जिसमें नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, विनोद अग्रवाल, पार्षद मनोज कंसारी, सुरेश मलिक एवं अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रकाश साहू, अभय साहू, पंकज चौधरी, दिनेश गर्ग, राकेश शुक्ला, राजकुमार साहू, मोती ताम्रकार, अरुण अग्रवाल, लरंग मुंडा, जवाहर साहू, सुनील साहू, बजरंग, भोला रक्सेल, बनाफर मुंडा, सावन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए बनाई राखियां

**अम्बिकापुर।** देश की सीमा पर चौबिसों घंटे तैनात रहने वाले वीर जवान भाईयों के लिए स्कूली छात्राओं ने राखी बनाई है। ये राखियां स्काउट गाईड के द्वारा आयोजित एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता के तहत बनाई गई। शहर के बड़े नामचीन मोंटफोर्ट स्कूल में स्काउट गाईड द्वारा एक राखी देश के सैनिक के नाम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्काउट गाईड मास्टर कमल कांत सिन्हा एवं गाईड कैप्टन बरखा गोस्वामी के मार्गदर्शन में मिडिल स्कूल की छात्राओं ने देश के वीर सैनिकों के लिए राखी बनाने के इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्राओं ने इस आयोजन में मनमोहक एवं खूबसूरत राखियां बनाई। स्कूल के प्राचार्य ब्रदर सेवक ग्रेब्रियल ने स्कूली छात्राओं को इस आयोजन में बेहतर एवं खूबसूरत राखियां बनाने पर प्रोत्साहित किया और छात्राओं के काम की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियों को देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिकों के प्रति स्नेह और सम्मान बताया।

## चौपाटी के पास खाली नजूल भूमि में हो पार्किंग की व्यवस्था, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चौपाटी के निकट चोपड़ापारा स्थित खाली शासकीय भूमि में पार्किंग बनवाने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया है कि चौपाटी के पास चोपड़ापारा में खुली जमीन को ननि आयुक्त को मंगल भवन निर्माण के लिए आवंटित किया गया है। भूमि आवंटन के वर्षों बाद भी ननि द्वारा अभी तक मंगल भवन का निर्माण प्रारंभ नहीं किया गया है। चौपाटी के बाहर मुख्य मार्ग पर अवैध तरीके से लगभग 25 ठेले संचालित हो रहे हैं जिसके कारण सड़क पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है।

खुली नजूल भूमि में मंगल भवन का निर्माण प्रारंभ होने तक ननि प्रशासन निगम द्वारा भूमि में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने पर मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित नहीं होगी तथा लोग सुचारू आवागमन कर सकेंगे। उन्होंने खाली भूमि में पार्किंग व्यवस्था से ननि प्रशासन को निर्देशित करने का निवेदन किया है।

# पूर्व मंत्री ने किया हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा, ग्रामीणों से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने मैनपाट के हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने भारी बारिश के बीच हाथी प्रभावित दातीधाम, बैगहवा, भावपहाड़, चोरकीपानी, नर्मदापुर, कंडराजा बी, लहवा पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों से फोनपर बात कर समस्याओं के निराकरण हेतु पहल की।

बता दें कि मैनपाट क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का दल लगातार उत्पात मचा रहा है। बारिश के मौसम में रात के अंधेरे में हाथी बस्तियों में घुसकर मकानों में तोड़फोड़ कर रहे है। ऐसे में अमरजीत भगत ने दूरस्थ क्षेत्रों का दौरा कर हाथी की समस्या, आकाशीय बिजली, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। उन्होंने ग्रामीणों के टूटे हुए मकानों, फसल नुकसान का जायजा लिया व मृतकों के परिजन से मिलकर सांत्वना दिया। इस दौरान उन्होंने कई गांव में हाथियों से बचने के लिए सर्च लाईट अपने निजी व्यय से उपलब्ध कराया। वहीं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से चर्चा कर उनके निर्देशित किया कि पूर्व की भांति परिवारों को रात्रि विश्राम, भोजन, और अन्य आवश्यक सहायता तुरंत उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र को निषक्रिय नहीं, संवेदनशील और तत्पर रहना चाहिए। प्राकृतिक आपदा और वन्यजीव द्वंद की मार झेल रहे गरीब ग्रामीणों को अकेला छोड़ना एक सामाजिक अपराध जैसा है, और हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है कि उन्हें राहत मिले।

# बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी

**बिश्रामपुर।** परिवार के साथ चिरमिरी से अंबिकापुर जा रहे युवक की बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को चोटे आई हैं हालांकि इसमें कोई जनहानी नहीं हुई है।गौरतलब है कि मंगलवार की दोपहर चिरमिरी से



बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 19 सीए 4428 में चालक समीर सिंह पिता साकेत सिंह अपने दादा भूरा सिंह,दादी सीता देवी, मां बिंदु सिंह व पत्नी श्रद्धा के साथ अंबिकापुर जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर स्थित बरपारा समीप अचानक चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई,प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना में वाहन सवार लोगों को मामूली चोटें आई है,यदि वाहन तेज गति जाने दौरान किसी जगह टकरा जाती तो गंभीर हादसा हो सकता था।कुछ देर बाद दूसरे वाहनों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को वापस सीधा कर लिया गया है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर थाना से सहायक उपनिरीक्षक केश्वर मरावी,प्रधान आरक्षक दीपक दुबे,आरक्षक रवि पांडेय तत्काल मौके पर पहुंच डायल 112 के कर्मचारियों के साथ मिलकर घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया।दुर्घटना उपरांत मौके पर कुछ समय के लिए आवागमन व्यवस्था भी बाधित हो गई थी।

### खड़े ट्रक के पीछे बाइक टकराई, युवक की हुई मौत

कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए एक युवक की ट्रक से दुर्घटनाग्रत होने पर मौत हो गई है।जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पहाड़गांव गंझाडांड निवासी 24 वर्षीय बल्लू सिंह पिता अजीत सिंह सोमवार को कांवड़ यात्रा में शामिल होने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 9672 में आया था,इस दौरान रात करीब साढ़े ग्यारह बजे



घर वापस लौटने पर गांव में ही स्थित एफसीआई गोदाम समीप एकांकी मार्ग पर बेतरतीब खड़े ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 2085 में पीछे से बाइक टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई है,मामले की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया कि दो बेटी के पिता बल्लू सिंह की मौत होने से पहले ही कलेक्टर सुरजपुर को ज्ञापन सौंपा गया था कि यहां पर सिंगल रोड होने के वजह से ट्रक चालकों द्वारा बीच रोड में गाड़ी खड़ा कर दी जाती है और उससे टकराकर लोगों की जान जा रही है।बावजूद इसके कोई ठोस पहल नहीं उठाए जाने से उक्त घटना घटित हो गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411